Need to resume the operation of Train Nos. 14213/14214 running between Bahraich and Banaras-Laid

श्री अक्षयवर लाल (बहराइच): मेरे संसदीय क्षेत्र बहराइच, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा ट्रेन सं0-14213 बनारस- बहराइच इंटरसिटी एक्स० एवं ट्रेन सं०-14214 बहराइच-बनारस इंटरसिटी एक्स० का संचालन दिनाँक 23 अगस्त, 2022 को मेरे साथ हजारों लोगों की संख्या में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया था । उपरोक्त ट्रेन चलने से जनपद-बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, जौनपुर, बनारस की लाखों जनता को इसका लाभ मिल रहा था । उपरोक्त ट्रेन को बन्द कर दिया गया था, जिसका संचालन पुनः दिनाँक 16 नवंबर, 2022 को प्रारम्भ किया गया था । पुनः उपरोक्त ट्रेन को दिनाँक 01 दिसम्बर, 2022 से 28 फरवरी, 2023 और पुनः 28 अप्रैल, 2023 तक और फिर 29 मई, 2023 तक ट्रेन का संचालन रेलवे विभाग द्वारा बन्द करने की सूचना दी गई है, जो जनहित में नहीं है । इससे वहाँ की आम जनता को आवागमन हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । उपरोक्त ट्रेन के संचालन बन्द हो जाने से जन मानस में भारी आक्रोष है । अतः माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार से मांग करता हूँ कि जनहित में ट्रेन सं0-14213 बनारस- बहराइच इंटरसिटी एक्स० एवं ट्रेन सं०14214 बहराइच-बनारस इंटरसिटी एक्स० की सेवा अतिशीघ्र पुनः बहाल कराए जाने की कृपा करें ।